छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग,
नॉर्थ ब्लॉक, सेक्टर–19, नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)
दूरभाष 0771–2331524, फैक्स–0771– 2446556 वेबसाईट : **www.psc.cg.gov.in**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

कमांक 396../01/2024/प.गो.   रायपुर, दिनांक 29/09/2024

–:: प्रेस विज्ञप्ति ::–

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के विज्ञापन क्रमांक 11/2023/परीक्षा/दिनांक 26/11/2023 प्रकाशन की तिथि 29/11/2023, शुद्धि पत्र क्रमांक 01/2024/परीक्षा/दिनांक 24/01/2024 एवं शुद्धि पत्र क्रमांक 02/2024/परीक्षा/दिनांक 27/05/2024 द्वारा राज्य सेवा परीक्षा–2023 (छत्तीसगढ़ शासन के अधीनस्थ विभाग) के अंतर्गत विभिन्न 17 सेवाओं हेतु कुल–242 पद विज्ञापित किए गए थे।

राज्य सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा–2023 के परीक्षा परिणाम के आधार पर छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा कुल–3597 अभ्यर्थियों का राज्य सेवा (मुख्य) परीक्षा–2023 हेतु प्रावधिक आधार पर चिन्हांकन किया गया। राज्य सेवा (मुख्य) परीक्षा–2023 की लिखित परीक्षा दिनांक 24, 25, 26 एवं 27 जून 2024 को आयोजन किया गया। मुख्य परीक्षा परिणाम के आधार पर **कुल 703** अभ्यर्थियों को प्रावधिक आधार पर साक्षात्कार हेतु चिन्हांकन किया गया है।

साक्षात्कार हेतु चिन्हांकित समस्त अभ्यर्थियों को विज्ञापित पदों की अग्रमान्यता आयोग की वेबसाईट **www.psc.cg.gov.in** पर उपलब्ध लिंक का प्रयोग कर ऑनलाईन दर्ज करना होगा, ऑनलाईन अग्रमान्यता अंकित करने हेतु तिथि पृथक से जारी की जाएगी।

अभ्यर्थियों को अपने साक्षात्कार दिनांक से एक दिन पूर्व मूल दस्तावेज सत्यापन हेतु छत्तीसगढ लोक सेवा आयोग में उपस्थित होना होगा। जिन अभ्यर्थियों द्वारा साक्षात्कार दिनांक के एक दिन पूर्व दस्तावेज सत्यापन नहीं करवाया जायेगा, उन्हें साक्षात्कार में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं दी जायेगी।

राज्य सेवा (मुख्य) परीक्षा–2023 में चिन्हांकित अभ्यर्थियों के **साक्षात्कार की तिथि एवं विस्तृत सूचना** आयोग की वेबसाईट पर पृथक से जारी की जाएगी। राज्य सेवा (मुख्य) परीक्षा–2023 के लिखित परीक्षा के परिणाम आयोग के वेबसाईट **www.psc.cg.gov.in** पर जारी (अपलोड) कर दिए गए है।

29.9.24
परीक्षा नियंत्रक
छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग,
नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)